मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 20

अनुक्रमांक

नाम

901 **801(DH)**

**2013**

हिन्दी

केवल प्रश्नपत्र

समय : तीन घण्टे 15 मिनट ] [ पूर्णांक : 70

**निर्देश :** प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं ।

1. क) निम्नलिखित कथनों में से कोई **एक** कथन सही है, उसे पहचानकर लिखिए : 1

i) रांगेय राघव प्रसिद्ध नाटककार हैं ।

ii) 'गबन' के लेखक 'प्रसाद' हैं ।

[ Turn over



iii) 'माधुरी' पत्रिका के सम्पादक रामचन्द्र शुक्ल हैं ।

iv) डॉ० नगेन्द्र प्रसिद्ध आलोचक हैं

ख) निम्नलिखित कृतियों में से किसी **एक** के लेखक का नाम लिखिए : 1

i) त्यागपत्र

ii) रस-मीमांसा

iii) विश्व को एशिया की देन

iv) अथाह सागर ।

ग) किसी एक 'एकाङ्की' लेखक का नाम लिखिए । 1

घ) वाणभट्ट की 'आत्मकथा' उपन्यास के लेखक का नामोल्लेख कीजिए । 1

ङ) शुक्ल-युग के किसी एक प्रसिद्ध कहानीकार का नाम लिखिए । 1

2. क) प्रगतिवादी युग की दो प्रमुख विशेषताएँ बताइए । 2

ख) 'आंगन के पार द्वार' और 'कश्मीर-सुषमा' के रचयिताओं के नाम लिखिए । 2

ग) हरिवंशराय 'बच्चन' की किसी एक काव्यकृति का नाम लिखिए । 1

[ Turn over



3. निम्नांकित गद्यांशों में से किसी **एक** के नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2 + 2 + 2 = 6

क) ईर्ष्या का यही अनोखा वरदान है । जिस मनुष्य के हृदय में ईर्ष्या घर बना लेती है, वह उन चीजों से आनन्द नहीं उठाता, जो उसके पास मौजूद हैं, बल्कि उन वस्तुओं से दु:ख उठाता है, जो दूसरों के पास हैं । वह अपनी तुलना दूसरों के साथ करता है और इस तुलना में अपने पक्ष के सभी अभाव उसके हृदय में दंश मारते रहते हैं । दंश के इस दाह को भोगना कोई अच्छी बात नहीं है । मगर, ईर्ष्यालु मनुष्य करे भी तो क्या ? आदत से लाचार होकर यह वेदना भोगनी पड़ती है ।

i) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए ।

ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए ।

iii) ईर्ष्यालु व्यक्ति को ईर्ष्या से क्या कष्ट मिलता है ?

ख) यह हाथ में कमल लिए बुद्ध खडे हैं, जैसे छवि छलकी पडती है, उभरे नयनों की जोत परोसती जा रही है और यह यशोधरा है, वैसे ही कमलनाल धारण किए त्रिभङ्ग में खडी । और यह दृश्य है महाभिनिष्क्रमण का — यशोधरा और राहुल निद्रा में खोए, गौतम दृढ़ निश्चय पर धड़कते हिया को संभालते । और यह नन्द है, अपनी पत्नी सुन्दरी का भेजा, द्वार पर आए बिना भिक्षा के लौटे भाई बुद्ध को जो लौटाने आया था और जिसे भिक्षु बन जाना पडा था । बार-बार वह भागने को होता है, बार-बार पकड़कर संघ में लौटा लिया जाता है । उधर वह यशोधरा है बालक राहुल के साथ ।

i) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए ।





ii) रेखाङ्कित अंशों की व्याख्या कीजिए ।

iii) उपर्युक्त गद्यांश में कहाँ के दृश्यों का चित्रण किया गया है ?

4. निम्नलिखित पद्यांशों में से किसी **एक** की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए तथा काव्य सौन्दर्य भी लिखिए :

1 + 4 + 1 = 6

क) सुनि सुन्दर बैन सुधारस-साने, सयानी हैं जानकी जानी भली ।

तिरछे करि नैन दे सैन तिन्हें, समुझाइ कछू मुसकाइ चली ॥

तुलसी तेहि औसर सोहैं सबै, अवलोकति लोचन-लाहु अली ।

अनुराग-तड़ाग में भानु उदै, बिगसीं मनो मञ्जुल कंज-कली ॥

ख) एक युवा जंगल मुझे,

अपनी हरी ऊँगलियों से बुलाता है ।

अपनी शिराओं में हरा रक्त बहने लगा है

आँखों में हरी परछाइयाँ फिसलती हैं

कन्धों पर एक हरा आकाश ठहरा है

होठ मेरे एक हरे गान में काँपते हैं ।

5. क) निम्नलिखित लेखकों में से किसी **एक** लेखक का जीवन-परिचय दीजिए एवं उसकी एक रचना लिखिए : 2 + 1 = 3

i) जयशङ्कर प्रसाद

ii) डॉ० भगवत शरण उपाध्याय

iii) पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी ।





ख) निम्नलिखित कवियों में से किसी **एक** कवि का जीवन-परिचय दीजिए और उसकी एक रचना लिखिए : 2 + 1 = 3

i) तुलसीदास

ii) सुमित्रानन्दन पन्त

iii) बिहारी लाल ।

6. निम्नलिखित का सन्दर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए : 1 + 3 = 4

नागरिकः बहुकालं यावत् अचिन्तयत् , परं प्रहेलिकायाः उत्तरं दातुं समर्थः न अभवत् , अतः ग्रामीणम् अवदत् , अहं अस्याः प्रहेलिकायाः उत्तरं न जानामि । इदं श्रुत्वा ग्रामीणः अकथयत् यदि भवान् उत्तरं न जानाति ।

**अथवा**

हतो वा प्राप्स्यसि स्वर्गं जित्वा वा भोक्ष्यसे महीम् ।

निराशीर्निर्ममो भूत्वा युध्यस्व विगतज्वरः ॥

7. क) अपनी पाठ्यपुस्तक से कण्ठस्थ किया गया कोई **एक** श्लोक लिखिए जो इस प्रश्न-पत्र में न आया हो । 2

https://www.upboardonline.com

ख) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में दीजिए : 2

i) पुरुराजः केन सह युद्धम् अकरोत् ?

ii) धूमयाने समयः केन जितः ?

iii) दुर्मुखः कः आसीत् ?

iv) नीचसङ्गेन का वर्धते ?





8. क) हास्य रस की परिभाषा लिखकर उसका एक उदाहरण दीजिए । 2

**अथवा**

मम अनुज पड़ा है चेतनाहीन होके,

तरल हृदय वाली जानकी भी नहीं है ।

अब बहु दु:ख से अल्प बोला न जाता,

क्षण भर रह जाता है न उद्विग्नता से ॥

उपर्युक्त छन्द में प्रयुक्त रस का नाम तथा स्थायी भाव लिखिए ।

ख) रूपक **अथवा** उत्प्रेक्षा अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए । 2

ग) सोरठा छन्द का लक्षण उदाहरण-सहित लिखिए । 2

9. क) निम्नलिखित उपसर्गों में से किन्हीं **तीन** के मेल से एक-एक शब्द बनाइए : 1 + 1 + 1 = 3

i) अन्

ii) अप

iii) अधि

iv) अभि

v) परि

vi) सु ।





ख) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रत्ययों का प्रयोग करके एक-एक शब्द बनाइए : 1 + 1 = 2

i) आई

ii) ता

iii) त्व

iv) पन ।

ग) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** में समास-विग्रह कीजिए तथा समास का नाम लिखिए : 2

i) हार-जीत

ii) पंचपल्लव

iii) चक्रपाणि

iv) चन्द्रमुख ।

घ) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** के तत्सम रूप लिखिए : 2

i) बहन

ii) सुहाग

iii) भाप

iv) तालाब ।

ङ) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए : 2

i) अश्व

ii) कोयल

iii) संसार

iv) चन्द्रमा ।

[ Turn over



10\. क) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** में सन्धि कीजिए तथा सन्धि का नाम लिखिए : 2

i) गुरु + आदेश:

ii) समय + औचित्यम्

iii) तथा + एव

iv) प्रति + उत्तरम् ।

ख) निम्नलिखित शब्दों के रूप चतुर्थी विभक्ति एकवचन में लिखिए : 1 + 1 = 2

i) मधु **अथवा** नदी

ii) तद् ( स्त्रीलिंग ) **अथवा** युष्मद् ।

ग) निम्नलिखित में से किसी **एक** की धातु, लकार, पुरुष तथा वचन का उल्लेख कीजिए : 2

i) पचानि

ii) पश्ये:

iii) हसतम् ।

घ) निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं **दो** का संस्कृत में अनुवाद कीजिए : 2

i) मार्ग के दोनों ओर भवन थे ।

ii) मुझे घर जाना चाहिए ।

iii) सन्तोष उत्तम सुख है

iv) मैं वाराणसी जाऊँगा ।





11. निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर निबन्ध लिखिए : 6

i) स्वास्थ्य-शिक्षा का महत्त्व

ii) प्रदूषण : पर्यावरण और मानव-जीवन

iii) विज्ञान का महत्त्व

iv) देशाटन से लाभ

v) हमारा प्यारा भारतवर्ष ।

12. अपने पठित खण्डकाव्य के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी **एक** का उत्तर लिखिए : 3

क) i) 'मुक्ति दूत' खण्डकाव्य के तृतीय सर्ग का सारांश लिखिए ।

ii) 'मुक्ति दूत' खण्डकाव्य के नायक की चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए ।

ख) i) 'मातृभूमि के लिए' खण्डकाव्य की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए ।

ii) 'मातृभूमि के लिए' खण्डकाव्य के आधार पर चन्द्रशेखर आजाद का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

ग) i) 'मेवाड़ मुकुट' खण्डकाव्य के 'प्रताप' सर्ग का वर्णन कीजिए ।

ii) 'मेवाड़ मुकुट' खण्डकाव्य के आधार पर 'भामाशाह' का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

[ Turn over



घ) i) 'जय सुभाष' खण्डकाव्य के तृतीय सर्ग का कथानक लिखिए ।

ii) 'जय सुभाष' खण्डकाव्य के आधार पर 'सुभाष चन्द्र बोस' की चारित्रिक विशेषताएँ बताइए ।

ङ) i) 'कर्ण' खण्डकाव्य के आधार पर कर्ण द्वारा 'कवच-कुण्डल दान' का वर्णन कीजिए ।

ii) 'कर्ण' खण्डकाव्य के आधार पर कुन्ती का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

च) i) 'ज्योति जवाहर' खण्डकाव्य की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए ।

ii) 'ज्योति जवाहर' खण्डकाव्य के नायक का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

छ) i) 'अग्रपूजा' खण्डकाव्य के 'अग्रपूजा' सर्ग का कथानक लिखिए ।

ii) 'अग्रपूजा' खण्डकाव्य के आधार पर 'श्रीकृष्ण' का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

[ Turn over



ज) i) 'कर्मवीर भरत' खण्डकाव्य के 'कौसल्या-सुमित्रा-मिलन' सर्ग का वर्णन कीजिए ।

ii) 'कर्मवीर भरत' खण्डकाव्य के नायक का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

झ) i) 'तुमुल' खण्डकाव्य की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए ।

ii) 'तुमुल' खण्डकाव्य के आधार पर 'लक्ष्मण' की चारित्रिक विशेषताओं का वर्णन कीजिए ।



https://www.upboardonline.com
Whatsapp @ 9300930012
Send your old paper & get 10/-
अपने पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,
Paytm or Google Pay से